# ABDM के साथ स्वास्थ्य अनुप्रयोगों का एकीकरण

## प्रिलिम्स के लिये:

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA), आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM), ABDM सैंडबॉक्स, सतत् विकास लक्ष्य, विशिष्ट स्वास्थ्य ID, आभा मोबाइल ऐप।

## मेन्स के लिये:

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) और देश में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्राप्त करने में इसका महत्त्व।

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में 52 डिजिटल स्वास्थ्य अनुप्रयोगों के सफल एकीकरण के साथ **राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA)** ने अपनी प्रमुख योजना **आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM)** के तहत स्थापित किये जा रहे डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र के विस्तार की घोषणा की है।

- ये एकीकरण ABDM सैंडबॉक्स के माध्यम से प्राप्त किये जाते हैं।
- पिछले दो महीनों में, अतिरिक्त 12 स्वास्थ्य सेवा अनुप्रयोगों को ABDM सैंडबॉक्स वातावरण के विभिन्न महत्त्वपूर्ण हिस्सों से जोड़ा गया है।
  - इस सूची में अब 20 सरकारी और 32 निजी क्षेत्र के अनुप्रयोग शामिल हो गए हैं।

## नए एकीकृत ऐप:

- ABDM साझेदार परितंत्र में जोड़े गए 12 नए अनुप्रयोग निम्नलिखित हैं -
  - केंद्र सरकार अस्पताल योजना (CGHS) के लिये **HMIS (अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली)** ।
  - NICE-HMS . द्वारा अस्पताल प्रबंधन प्रणाली।
  - **राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC)** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अनमोल अनुप्रयोग।
  - **ई-संजीवनी**।
  - **धनुष इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा उत्तराखंड सरकार के** लिये यूके टेलीमेडिसिन सेवा।
  - इन्फिनिटी आइडेंटिटी टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्वास्थ्य तकनीक समाधान जैसे समान अनुप्रयोग।
  - IHX द्वारा IHX क्लेम मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म।
  - कार्किनोस हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कार्किनोस एप्लीकेशन सूट।
  - फिगुले टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मेरा-अधिकार अनुप्रयोग।
  - NICT द्वारा nPe बिल और सर्विसेज़ ऐप।
  - पेपरप्लेन कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पेपरप्लेन व्हाट्सएप क्लिनिक।
  - सोसाइटी फॉर हेल्थ इंफॉर्मेशन सिस्टम प्रोग्राम (HISP इंडिया) द्वारा HISP-EMR ।

## आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) और ऐप्स के एकीकरण का महत्त्व:

- **परिचय:**
  - ABDM राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र है जो सूचना और बुनियादी ढाँचा सेवाओं की एक विस्तृत शृंखला के प्रावधान के माध्यम से कुशल, सुलभ, समावेशी और किफायती तरीके से **सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज** का समर्थन करता है।
  - इसका उद्देश्य देश के एकीकृत डिजिटल स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचे का समर्थन करने के लिये आवश्यक संसाधनों का विकास करना है।
  - **यह डिजिटल राजमार्गों के माध्यम से हेल्थकेयर पारिस्थितिकी तंत्र के विभिन्न हितधारकों के बीच मौजूदा अंतर को समाप्त करेगा।**
- **एकीकरण का महत्त्व:**
  - जैसे-जैसे अधिक मौजूदा स्वास्थ्य अनुप्रयोग पारिस्थितिकी तंत्र में शामिल होते हैं, **नवाचार की संभावना बढ़ती है जिससे प्रणाली बहुत**

तेज़ी से विकसित होती है।
  - यह एकीकरण दर्शाता है कि कैसे **सार्वजनिक और निजी क्षेत्र एक साथ आ सकते हैं और देश के लिये डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र को मज़बूत करने हेतु सहयोग कर सकते हैं।**
  - स्वास्थ्य सेवा वितरण के डिजिटलीकरण की दिशा में यह सहयोगात्मक दृष्टिकोण भारत को सबसे प्रभावी, कुशल और किफायती तरीके से सभी के लिये स्वास्थ्य सेवा के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा।

## आयुष्मान भारत डिजिटिल मिशन (ABDM)

- **उद्देश्य:**
  - अत्याधुनिक डिजिटल स्वास्थ्य प्रणाली स्थापित करना, कोर डिजिटल स्वास्थ्य डेटा का प्रबंधन करना और इसके निर्बाध आदान-प्रदान के लिये आवश्यक बुनियादी ढाँचा तैयार करना।
  - नैदानिक प्रतिष्ठानों, स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों, स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं, दवाओं और फार्मेसियों का एकीकरण करने लिये उचित स्तर पर पंजीकरण करना।
  - सभी राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य हितधारकों द्वारा खुले मानकों को अपनाने हेतु लागू करना।
  - व्यक्तियों और स्वास्थ्य पेशेवरों तथा सेवा प्रदाताओं के लिये आसानी से सुलभ अंतर्राष्ट्रीय मानकों तथा व्यक्तियों की सूचित सहमति के आधार पर व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड की एक प्रणाली विकसित करना।
  - स्वास्थ्य के लिये सतत् विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने पर विशेष ध्यान देने के साथ उद्यम-श्रेणी के स्वास्थ्य अनुप्रयोग प्रणालियों के विकास को बढ़ावा देना।
- **एबीडीएम के बिल्डिंग ब्लॉक्स: आयुष्मान भारत मिशन 4 मुख्य बिल्डिंग ब्लॉक्स पर आधारित है:**
  - **स्वास्थ्य आईडी:**
    - ABDM प्रणाली के प्रत्येक व्यक्तिगत उपयोगकर्ता को एक विशिष्ट स्वास्थ्य आईडी बनाना होगा जिसे सत्यापित किया जाएगा और उनकी पहचान से जोड़ा जाएगा।
    - इस विशिष्ट स्वास्थ्य आईडी पर उपयोगकर्ता की चिकित्सा जानकारी संग्रहीत की जाएगी।
  - **हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स रजिस्ट्री**
    - यह स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों का एक पूरा डेटाबेस है जो देश भर में स्वास्थ्य सेवाओं की तैनाती से जुड़े हैं।
    - पंजीयन पर अपना पंजीकरण कराकर, रोगियों को स्वास्थ्य पेशेवरों के डेटा और अन्य लाभों तक आसान और त्वरित पहुँच प्राप्त हो सकती है।
  - **स्वास्थ्य सुविधा रजिस्ट्री**
    - यह देश भर में सभी स्वास्थ्य सुविधाओं का एक व्यापक डेटाबेस है। इनमें निजी और सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएँ, जैसे- अस्पताल, डायग्नोस्टिक लैब, छोटे क्लीनिक, नर्सिंग होम आदि शामिल हैं।
  - **आभा (ABHA) मोबाइल ऐप**
    - ABHA मोबाइल ऐप का उपयोग रोगियों द्वारा अपनी चिकित्सा ज़ानकारी को नियंत्रित करने और एक्सेस करने के साथ-साथ इसे स्वास्थ्य पेशेवरों के साथ साझा करने के लिये किया जाता है।
    - ऐप **सुरक्षित पर्सनल हेल्थ रिकॉर्ड (PHR) प्रणाली द्वारा समर्थित है।**

## आयुष्मान भारत डिजिटिल मिशन सैंडबॉक्स:

- यह डिजिटल स्वास्थ्य उत्पाद को वास्तविक उपयोग के लिये**लाइव किये जाने से पहले एकीकरण प्रक्रियाओं के परीक्षण हेतु बनाए गए प्रयोग के लिये डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है।**
- कोई भी डिजिटल स्वास्थ्य सेवा प्रदाता/डेवलपर ABDM [ऐप्लिकेशन प्रोग्राम इंटरफेस (API)](#) के साथ अपने सॉफ्टवेयर सिस्टम को एकीकृत और मान्य करने की पूर्व-निर्धारित प्रक्रिया का पालन करके ABDM सैंडबॉक्स पर पंजीकरण कर सकता है।
- वर्तमान में, 919 सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के इंटीग्रेटर्स ने योजना के तहत अपने सॉफ्टवेयर समाधानों को एकीकृत और मान्य करने के लिये एबीडीएम सैंडबॉक्स के तहत नामांकन किया है।

## भारत के स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र के डिजिटलीकरण में हालिया विकास:

- [राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन (NDHM):](#)
  - यह एक **पूर्ण डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र** है। डिजिटल प्लेटफॉर्म को चार प्रमुख विशेषताओं के साथ लॉन्च किया जाएगा- **स्वास्थ्य आईडी, व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड, डिजी डॉक्टर और स्वास्थ्य सुविधा रजिस्ट्री**।
- [स्वास्थ्य डेटा प्रबंधन नीति:](#)
  - दिसंबर 2020 में, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने योजना की **डिजिटल सेवाओं का उपयोग** करने वाले रोगियों के व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा और प्रबंधन के लिये NDHM के तहत स्वास्थ्य डेटा प्रबंधन नीति को मंज़ूरी प्रदान की।
  - यह नीति राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र (NDHE) में एक मार्गदर्शन दस्तावेज के रूप में कार्य करती है।
  - NDHE में एकत्र किये गए डेटा को केंद्रीय स्तर, राज्य/केंद्रशासित प्रदेश स्तर और स्वास्थ्य सुविधा स्तर पर संग्रहित किया जाएगा।
- **अन्य पहल:**

- डेटा माइनगि, डजिटिल स्वास्थ्य रकॉर्ड् और डजिटिल स्वास्थ्य अवसंरचना।

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा वगित वर्ष के प्रश्न:

Q. भारत में 'सभी के लयि स्वास्थ्य' प्राप्त करने के लयि उपयुक्त स्थानीय समुदाय-स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल हस्तक्षेप एक पूर्वापेक्षा है। व्याख्या कीजयि। **(2018, मेन्स:)**

## [स्रोत:पी.आई.बी.]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/integration-of-health-applications-with-abdm